आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.10.2025 समय : 02.10

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज केरल स्थित सबरीमला मंदिर जाएंगी। राष्ट्रपति कल शाम तिरुवनंतपुरम पहुंचीं। केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया।

"राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तिरुवनन्तपुरम से निलक्कल हेलीकॉप्टर से पहुंचेगी और सबरीमला पर्वतीय तीर्थस्थल के आधार स्थल पम्पा जाएंगी। पम्पा गणपति मंदिर में इरुमुडी बांधने के साथ-साथ कई पारंपरिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। इसके बाद, राष्ट्रपति एक विशेष वाहन से सबरीमला मंदिर पहुंचेगी। राष्ट्रपति की यात्रा के लिए सबरीमला और आधार शिविर दोनों जगह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मंदिर में दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति का दोपहर सबरीमला से लौटने का कार्यक्रम है। तिरुवनन्तपुरम से स्मिथी एम पल्लुरुथी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं राजेश कुमार मीणा।"

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर और विदिशा जिले के दौरे पर रहेंगे gSSa । वे इंदौर के खजूरिया हातोद स्थित रेशम केंद्र गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल gq, । मुख्यमंत्री दोपहर बाद विदिशा पहुंचकर वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में हिस्सा होंगे।

फ्लाइट

राजधानी भोपाल से हैदराबाद के लिए आज से एक अतिरिक्त फ्लाइट सेवा शुरू की जा रही है। इंडिगो एयरलाइंस की यह नई उड़ान शाम के समय संचालित होगी। राजा भोज विमानतल के निदेशक ने बताया कि बारिश के दौरान बंद की गई उड़ानों को विंटर सीजन में पुनः शुरू किया जा रहा है।इस नई सुविधा से अब भोपाल और हैदराबाद के बीच दो दैनिक उड़ानों की व्यवस्था हो जाएगी, जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, और इससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। भोपाल में आम उपभोक्ता शाहिद ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये हैं...

भारत-वन क्षेत्र

भारत ने विश्व के कुल वन क्षेत्र **में नौवें** स्थान पर आकर वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य और कृषि संगठन से जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन-2025 में यह जानकारी दर्ज की गई। पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले आकलन के दसवें स्थान से ताजा आकलन में नौवें स्थान पर आना एक बडी उपलब्धि है। यह प्रगति वन संरक्षण, वन्यीकरण और सामुदायिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की सफलता रेखांकित करती है। श्री यादव ने कहा कि **वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि** में विश्व में भारत का **तीसरा** स्थान बना हुआ है। यह पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए देश की प्रतिबद्धता दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल - **'एक पेड मां के नाम'** से पूरे देश को पौधरोपण की प्रेरणा मिल रही है। इससे भविष्य में हरित और स्वच्छ क्षेत्र विकास को बढावा मिलेगा।

नौसेना कमांडर सम्मेलन

नौसेना कमांडरों का अर्धवार्षिक सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद नौसेना के भावी अभियानों और तैयारियों के बीच तीन दिन का यह सम्मेलन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह राष्ट्रीय नेतृत्व और नौकरशाही के बीच निकट संपर्क और संवाद का प्रभावी मंच है तथा वर्तमान भू-रणनीतिक परिदृश्य में बहुआयामी चुनौतियों से निपटने की नौसेना की क्षमता की समीक्षा करता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे तथा **विकसित भारत-2047** की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। प्रमुख कमांडरों के साथ नौसेना प्रमुख भारतीय समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर जारी है और आज—

अलीराजपुर, धार, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, औरबालाघाट सहित 15 ज़िलों — में हल्की बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में

- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा खजुराहो से बनारस के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है,
- भावांतर योजना के तहत नर्मदापुरम जिले में सोयाबीन की खरीदी 24 अक्टूबर से शुरू होगी। जिसके लिए 17 अक्टूबर तक 9 हजार 120 किसानों ने 25 हजार 528 हेक्टेयर के लिए पंजीयन कराया है,
- शिवपुरी जिले में जन-मन आवास योजना के अंतर्गत ग्राम अगरा में दीपावली पर सामूहिक गृह प्रवेश समारोह आयोजित हुआ
- आगरमालवा ज़िले में गोवर्धनपूजा के साथ साथ आज महिलाएं सुहाग पड़वा का पर्व भी मना रही है